# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 जून 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आयेंगे। किसानों से संवाद करने के साथ ही जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त।
- ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा– प्रदेश में बिजली दरें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं। सरकार बिजली दरें बढ़ाने में नहीं बल्कि कम करने में रखती है विश्वास।
- पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा– नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदेशभर में पुलिसकर्मियों को दिया जा रहा है विशेष प्रशिक्षण।
- गाजियाबाद एक्सप्रेस–वे पर हुयी एक सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत और कई अन्य घायल।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद पहली बार आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मेहंदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान श्री मोदी डीबीटी के माध्यम से लगभग बीस हजार करोड़ रुपये की किसान सम्मान निधि लगभग नौ करोड़ छब्बीस लाख लाभार्थी किसानों के खातों में ट्रांसफर करेंगे। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट........

***पूरी काशी अपने उस जनप्रतिनिधि के स्वागत का बेसब्री से इंतजार कर रही है जिसने लगातार तीसरी बार उनके दिलों को जीता है। प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र का ये पहला दौरा है और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके जबरदस्त स्वागत के लिए पूरे शहर को सजा दिया है।***

***शाम को काशी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री वाराणसी के मेहंदीगंज इलाके में पीएम किसान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. किसान सम्मेलन में वे किसानों से संवाद करने के साथ ही उनके उत्पाद भी देखेंगे। किसानों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने पद संभालने के बाद सबसे पहले पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने को मजूरी दी थी और अपने पहले बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम में भी वह किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। इसी कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की 30,000 से अधिक महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

**********

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा है कि राज्य में बिजली की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले चार वर्षों से प्रदेश में बिजली की कीमतें नहीं बढ़ायी गई हैं, अभी भी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार बिजली दर बढ़ाने में नहीं बल्कि कम करने में विश्वास रखती है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि राज्य में तीस हजार छः सौ अट्ठारह मेगावाट विद्युत की अधिकतम मांग को पूरा किया गया है। विद्युत चोरी करने वालों के साथ ही चोरी करवाने वाले कार्मिकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**********

देशभर में एक जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रदेश में पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आकाशवाणी समाचार लखनऊ से बातचीत के दौरान कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए नए आपराधिक कानून लाए जा रहे है। ये नए कानून सज़ा नहीं न्याय केंद्रित है इनमें ये सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में पारदर्शी तरीके से न्याय मिले।

***समय की मांग को देखते हुए इसमें बदलाव किए गए हैं। जो मुख्य कानून है उसमें पुराने सभी कानूनों को रखा गया है। कुछ नए अपराध की चीजें एड की गयी है तथा कुछ का इमजजमतव्याख्यान किया गया है। अब सजा की मूल भावना सजा दिलाने की भावना नहीं है, अब न्याय देने की भावना है। हमारे जितने भी प्रशिक्षण संस्थान हैं उसमें हम लोगों ने जतंपदपदह दी है हमारे जितने भी राजपत्रित अधिकारी है उनकी शत प्रतिशत ट्रेनिंग दे दी गयी है। हमारे जेल विभाग के सभी कर्मी प्रशिक्षित हो चुके हैं। हमारे जितने भी सरकारी चतवेमबनजवते हैं उनकी हण्ड्रेड परसेंट ट्रेनिंग हो गयी है।***

**********

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में व्यापक तैयारियां चल रही हैं। योग दिवस को लेकर प्रदेश में योग सप्ताह के आयोजन चल रहे हैं। लोग दिवस को वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी कर रहे हैं। जौनपुर में जिला प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया है। वहीं कासगंज और अमरोहा में योग सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों में लोग बड़े पैमाने पर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं।

**********

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। नये आपराधिक कानूनों में आतंकवाद से निपटने के लिये कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेइस भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आर्थिक सुरक्षा के लिये खतरों के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हैं।

भारतीय न्याय संहिता–दो हजार तेइस की धारा एक सौ तेरह में सार्वजनिक सुविधाओं या निजी सम्पत्ति को बम, डायनामाइट या अन्य विस्फोटक पदार्थो से नष्ट करना अब आतंकवादी गतिविधि के तहत अपराध माना जायेगा। आतंकवादी कृत्यों के लिये कठोर दंड, मृत्यु या आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। यह कानून उन कृत्यों को भी शामिल करता है, जिसके परिणामस्वरूप किसी अन्य देश में किसी भी सम्पत्ति की क्षति होती है, जिसका उपयोग भारत की रक्षा के लिये किया जाता है या भारत सरकार के कामकाज के संबंध में किया जाता है, जिससे अतंर्राष्ट्रीय आतंकवाद के वैश्विक खतरें की बात पुष्ट होती है। आपराधिक बल या किसी सार्वजनिक पदाधिकारी को मौत के घाट उतारने का प्रयास आतंकवाद के दायरे में आता है। इस दायरे में मृत्यु, चोट, संपत्ति को नुकसान, आवश्यक आपूर्ति में व्यवधान और बहुत कुछ शामिल है।

**********

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से कल सुबह एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और पचास अन्य घायल हो गये। यह दुर्घटना न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मालगाडी, सिग्नल से आगे निकल गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से से टकरा गई। गाडी के पिछले हिस्से में दो पार्सल वैन और गार्ड कोच लगे थे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मृतकों के परिजनों को दस लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और मामूली रूप से घायल लोगों को पचास हजार रुपये दिये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रेल दुर्घटना में हुई जनहानि पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

**********

गाजियाबाद एक्सप्रेस–वे पर मुरादनगर के पास कल बागपत की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने कैंटर पर पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कैंटर में सवार तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। सभी मृतक हरदोई के मंझिला थाने कुम्हरूआ गांव के रहने वाले थे और बकरीद मनाने अपने घर जा रहे थे। उधर, शाहजहांपुर में रामगंगा घाट पर स्नान करने गये दो युवकों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

**********

प्रदेश भर में ईद–उल–अजहा का त्यौहार कल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने मस्जिदों और ईदगाहों पर जाकर नमाज अदा की और देश की सुख–शान्ति की कामना की। लखनऊ, गोरखपुर, अमरोहा, अलीगढ़, जौनपुर, मेरठ, अयोध्या, शाहजहांपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, भदोही, पीलीभीत और वाराणसी में ईद का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–अजहा के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। न्यूनतम तापमान के अट्ठाइस डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड होने के चलते रात को भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी और लू के पड़ते रहने का सिलसिला अगले तीन दिन तक जारी रहेगा। विभाग ने प्रदेश में बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, आगरा, फिरोजाबाद, वाराणसी, इटावा और हमीरपुर सहित पच्चीस जिलों के लिये गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ0 अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले तीन से चार दिन में पड़ोसी राज्य बिहार में मानसून के सक्रिय होने के बाद इसके उत्तर प्रदेश में आने का अनुमान है।

**********